## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव में भंडारे का हुआ आयोजन



**शहडोल।** हनुमान जन्मोत्सव चैत्र पूर्णिमा के उपलक्ष में मंगलवार को कथा पूजन एवं रामायण का पाठ किया गया, इसके साथ ही दूसरे बुधवार को शाम 5 से रात्रि 10 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, पांडव नगर वार्ड नंबर 08 स्थित गजानन भवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसके अध्यक्ष संदीप निवेडिंग, उपाध्यक्ष बब्बन अवस्थी, व्यवस्थापक अजय सिंह परिहार, सचिव सहवाज मंसूरी, कोषाध्यक्ष आचार्य पंडित कपिल मुनि (अभय धाम कल्याणपुर) के द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संयोजक गिरधारी लाल कहार ने बताया कि यह कार्यक्रम विगत कई वर्षों से चला रहा है, प्रभु बजरंगबली की कृपा से यह हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम आगे भी चलता रहे, इस पूरे कार्यक्रम के वरिष्ठ मार्ग दर्शक के रूप मे नवरंग कहार की भी भूमिका भी सारानीय रही।

### शुभदीप खरे बनें जन परिषद के संभागीय अध्यक्ष



**शहडोल।** अखिल भारतीय स्तर की सामाजिक संस्था जन परिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव की अनुशंसा पर जन परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एन. के. त्रिपाठी ने, शुभदीप खरे को जन परिषद के शहडोल चैप्टर का अध्यक्ष मनोनीत किया है। ज्ञात रहे जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 35 वर्षों से सामाजिक एवम् रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ-साथ, कई ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है। संस्था पर्यावरण पर दस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 208 से अधिक एवं विदेशो में 6 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवं सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं। संस्था का मुख्य आधार मानवीय, सामाजिक एवं राष्ट्रीय दृष्टिकोण है। शुभदीप के इस मनोनयन पर गणमान्य नागरिकों ने बधाइयां प्रेषित की है।८

### नवजात की मौत पर लगाया लापरवाही का आरोप



**शहडोल।** जिले में इलाज के दौरान एक नवजात की मौत हो गई। इस मामले में परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोपी लगाए हैं और कार्रवाई की मांग की है। घटना बिरसामुंडा मेडिकल कॉलेज की है। बताया जा रह है कि 04 अप्रैल को सोनू चौधरी की पत्नी ने मेडिकल कॉलेज में जुड़वा बच्चे को जन्म दिया था। जन्म के बाद से ही बच्चों की हालत नाजुक को देखते हुए उन्हें एसएनसीयू वार्ड में भर्ती करवाया था। जहां इलाज के दौरान गुरुवार को एक बच्चे की मौत हो गई। इस मामले में पिता सोनू ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जब शव को सौंपा गया तो पेट पर जले होने का निशाना था। इसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया और जिम्मदारों पर कार्रवाई मांग की। हालांकि इस मामले में अस्पताल प्रबंधन जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है।

### तेंदुए का मिला शव

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में गुरुवार को एक तेंदुए की मौत होने की जानकारी सामने आई है। इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार बांधवगढ़ के मानपुर बफर परिक्षेत्र के खिचकिडी बीट के आरएफ 263 में तेंदुए का शव पाया गया है। यहां तेंदुए का शव पड़ा होने की जानकारी बुधवार की शाम को ही पार्क प्रबंधन को मिल गई थी लेकिन गुरुवार की सुबह पार्क की टीम मौके पर पहुंची।

# भू माफियाओं और अवैध कॉलोनाइजरों की खबर लेगा नया कानून

## प्रशासनिक अधिकारियों पर भी गिरेगी गाज, सख्त कदम जरूरी

अवैध कालोनियों के कारोबार की कमर तोड़ने के लिए प्रदेश सरकार नया प्रावधान कर रही थी, लेकिन उस प्रावधान का असर कहीं दिखाई नहीं पड़ रहा है। जबकि उसका कड़ा प्रावधान ही वर्तमान परिवेश के लिए जरूरी प्रतीत होता है। पर्दे के अंदर माफियाओं को पनाह देने वाला राजस्व विभाग शासन की जमीनों का सबसे बड़ा दुश्मन बना बैठा है।





शहडोल।

कमीशन खाकर जमीने खुर्द बुर्द करा माफियाओं का हित साधना उसका शगल बन चुका है। कलेक्टर, तहसीलदार, उपपंजीयक, आर आई, पटवारी सब इस खेल में भूमिकाएं निभा रहे हैं। जनहित में प्रदेश शासन का कड़ा कानून ही जरूरी है। वह क्रियान्वित कब तक होता है, इसी का इंतजार है। संभाग मुख्यालय के आसपास ग्रामीण अंचलों में अब खेती बाड़ी की जगह कालोनियों का संसार खड़ा नजर आ रहा है। जहां न सुविधाएं हैं और न मानक स्तर का निर्माण कार्य है। जमीनों का डायवर्सन कभी होता नहीं, अधिकारी यह सब जानते हैं फिर भी कार्रवाई नहीं होती, आखिर क्यों?

### यह है सरकार का नया प्रावधान

मप्र की डॉ. मोहन यादव सरकार ने अवैध कालोनी निर्माण मामले को काफी गंभीरता से लिया है। उन्होने इस मामले में कड़े प्रावधान किए हैं जिसके अनुसार संबंधित अवैध प्लाटिंग करने वाले भू-स्वामियों पर रासुका लगाई जायेगी। कार्यवाही सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं रहेगी। जिस इलाके में अवैध कालोनी बनी है या बनेगी, वहां के राजस्व अधिकारियों पर भी सीधे कड़ी कार्यवाही होगी। जानकारी मिली है कि माफिया की पुरानी और नई हैसियत का आकलन किया जाएगा। निर्माण को जमीदोज करने का कार्य तो पूर्व से ही शुरू कर दिया गया है। इसे भी कड़ाई से लागू किया जाएगा। बताया गया कि भू माफियाओं की गोपनीय सूची भी तैयार की जा रही है, ताकि उन पर कार्रवाई करने में सहूलियत हो सके। नए कानून का मसौदा तैयार किया जा चुका है।

### अवैध निर्माण का खेल जारी

शहर से सटे इलाको में तेजी से बन रही अवैध कालोनियों विकसित हो रही है, भू-माफिया लोगों कृषि भू-खण्ड पर प्लाट काट कर नियम विरूद्ध तरीके से बेच रहे हैं। इस पूरे अवैध कारोबार को उपपंजीयक कार्यालय से अमली जामा पहनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर वैध कालोनियों में कॉलोनाइजर को तय किए गए मानकों के अनुसार विकास करना होता है। इसमें चौड़ी सडक़े, पानी और विद्युत व्यवस्था आदि के कारण कुल क्षेत्रफल का 50 फीसदी हिस्सा विकास कार्यो के लिए छोडऩा पड़ता है। शेष 50 फीसदी जमीन पर कालोनी विकसित की जाती है, जबकि अवैध प्लाटिंग के कारोबार में लगे भू-माफिया कृषि भूमि पर मनमाफिक मुरूम के डालकर रोड निकाली जाती है, अवैध प्लाटिंग में न तो पार्क की व्यवस्था होती है और न ही खुलापन, इस कारण भू-माफिया कुल क्षेत्रफल का 80 फीसदी हिस्से पर प्लॉट काटकर बेच लेता है, जिससे मुनाफा कई गुना बढ़ जाता है।

### प्रशासन का अंकुश नहीं

पंचगांव, चांपा, पोंगरी सहित अन्य स्थानों पर चल रही अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन अंकुश नहीं लगा पा रहा है। मेडिकल कॉलेज के आस-पास ग्राम पंचायत चांपा, पोंगरी में चल रहे अवैध प्लाटिंग में इनकम टैक्स विभाग को भी चूना लगाया गया है। प्लॉट के एवज में 80 फीसदी से ज्यादा राशि का लेन-देन ब्लैक मनी से किया गया है। यह पूरा लेनदेन राजस्व अधिकारियों की जानकारी में चल रहा है। भू-माफियाओं ने प्लाट का रेट 500 से 1000 रुपए प्रति वर्गफीट रखा है, लेकिन लेन-देन हिसाब कम दिखाया जा जाता है, बचा पैसा कच्चे में यानि ब्लैक मनी में होगा। इस मामले में आयकर विभाग भी ध्यान नहीं दे रहा है। इसी तरह पोंगरी ग्राम पंचायत में सिंघानिया बंधुओं द्वारा कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर कालोनी विकसित की जा रही है। इस प्लाटिंग के एक-एक सौदे में लाखों रुपए तक का लेन-देन ब्लैक मनी के रूप में हुआ है।

### माफियाओं को मिल रही छूट

अवैध प्लाटिंग में बड़े पैमाने पर सरकार को बड़ा नुकसान हो रहा है। छोटे प्लाट की रजिस्ट्री में मिलने वाली छूट का पूरा फायदा भू-माफिया उठा रहे हैं। यही स्थिति रही तो आने वाले वर्षों में शहर और आस-पास 50 से ज्यादा अवैध कॉलोनियां विकसित हो जायेंगी, कई अवैध प्लाटिंग में राजस्व विभाग के अधिकारियों की पार्टनरशिप है। अवैध प्लाटिंग में जिला प्रशासन के आलाधिकारियों के भी प्लाट होने की बाद भू-माफियाओं द्वारा की जा रही है। वहीं दूसरी ओर अवैध प्लाटिंग का पूरा मामला कलेक्टर कार्यालय में धूल खा रहा है, ग्राम पंचायत पोंगरी के खसरा नंबर 6 में 13 बटांक एवं खसरा नंबर 7 में 21 बटांक जिला प्रशासन को मुंह चिढ़ा रहे हैं।

# युवती ने लगाया बंधक बना कर रखने का आरोप

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थानान्तर्गत पुलिस की बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है, बंधक बना कर रखी गई पीड़ति ने जिला पुलिस के समस्त दावों की पोल खोल दी है। दरअसल 18 अप्रैल को युवती के परिजनों ने एसपी कार्यालय में उपस्थित होकर गुहार लगाई थी कि उनकी 16 वर्षीय बेटी बीते 12 अप्रैल से लापता है, इसके साथ ही गाँव के ही दीपचंद चौधरी पिता मूलचंद चौधरी के ऊपर बेटी को बहला फुसलाकर दुष्कर्म का आरोप भी लगाया गया था और आरोप लगाया कि आरोपियों ने मेरी बेटी को बंधक बनाकर रखा हुआ है लेकिन पुलिस के सुस्त रवैया ऐसा की इस घटनाक्रम की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

वही 22 अप्रैल को आरोपियों के चंगुल से छूटने के बाद पीड़ति ने गुरूवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है, पीड़ति ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि मैं दीपचंद चौधरी से फोन पर बात करती थी, उसकी शादी 19 अप्रैल 2024 को होनी थी, दीपचंद चौधरी ने मुझे 12 तारीख को अज्ञात स्थान पर ले जाकर रख दिया था, जब दीपचंद चौधरी की शादी 19 अप्रैल को हो गई तो उसने मुझे 22 अप्रैल को छोड़ दिया, मैं ट्रेन के माध्यम से नौरोजाबाद पहुंच कर अपने परिजनों के संपर्क में आई, अपनी मां के साथ में मैं नौरोजाबाद थाना गई लेकिन वहां कोई कार्रवाई नहीं की गई है, इसलिए मैं एसपी ऑफिस में शिकायत करने आई हूं।



वहीं पीड़ति की माँ आशा भुजवा ने बताया कि जब मेरी बेटी एक हफ्ते के बाद में घर आई तो मैं इसे लेकर नौरोजाबाद थाने गई लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ मेरी बेटी से ही पूछताछ की गई और हमें सुबह 09 बजे से थाने में बैठाए रखा गया और हमे शाम 07 बजे छोड़ा गया है, एसपी कार्यालय में हमें आश्वासन मिला है कि आपके मामले में कार्रवाई की जाएगी।

वहीं उक्त मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया ने कहा नौरोजाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सस्तरा का यह मामला सामने आया है, बच्ची 12 तारीख को कहीं चली गई थी और वह कल दस्तयाब हुई है। नौरोजाबाद थाने में उसके बयान लिए गए हैं, यदि दिए गए बयान में कोई अपराधी घटना घटित होना प्रतीत होगी तो इसमें कार्रवाई की जाएगी।

# सकंदी बांध में नहाने गये युवक की मौत, एक गंभीर

## शादी कार्यक्रम में आये पांच युवक गये थे नहाने

शहडोल।

जिले के पपौंध थाना क्षेत्र के सकंदी बांध में नहाते समय दो युवक गहरे पानी में डूब गए, जिसमें एक युवक की वहीं मौत हो गई है और दूसरा गंभीर हातल में अस्पताल में इलाज ले जाया गया। सकंदी बांध में पांच युवक नहाने गए थे, सभी युवक अपने रिश्तेदारी में एक शादी कार्यक्रम में अलग-अलग स्थान से सकंदी आए थे। गुरुवार की सुबह सभी ने प्लान किया और पास के संकदी बांध में नहाने चले गए। सभी एक साथ बांध में नहाने उतरे थे। उसी दौरान दो युवक डूब गए, जिसमें करण पुत्र देवेंद्र सिंह की मौके पर मौत हो गई। वहीं प्रिंस सिंह गंभीर हालत में उपचार ले रहा है।



### ग्रामीणों ने की मदद

थाना प्रभारी ने बताया कि करण सिंह 19 वर्ष ग्राम जोगी थाना इंद्रवार जिला उमरिया का रहने वाला है। वह अपने मामा के घर शादी कार्यक्रम में आया था। अपने साथियों के साथ बांध में नहाते वक्त डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई है। घटना के समय बांध में गांव के और भी लोग मौजूद थे। नहाते समय जब कारण एवं प्रिंस डूब रहे थे तो उसके साथियों ने तेजी से चिल्लाना शुरू किया। आवाज सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण वहां पहुंचे और प्रिंस को तत्काल निकाल लिया गया। करण गहरे पानी में डूब गया था, जिसे निकालने में ग्रामीणों को समय लग गया, जिससे उसकी मौत हो गई है।

### डायल हंड्रेड वाहन से पहुंचाया अस्पताल

मामले की जानकारी हंड्रेड डायल को दी गई, इसके बाद पहुंची पुलिस की डायल हंड्रेड ने प्रिंस सिंह को अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया जहां उसका उपचार शुरू हो गया है। वहीं जिस युवक की मौत हुई उसके शव को वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने स्वजनों को सौंप दिया है। इस घटना के बाद शादी वाले घर में मातम सा छा गया है।

# वन्यजीव कर रहे पालतू पशुओं का शिकार

## ग्रामीणों में दहशत, सीमा की सुरक्षा में लापरवाही

शहडोल। ब्यौहारी

ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम उफरी के ग्रामीण इन दिनो वन्य जीवों के उत्पात से हलाकान हैं। ग्राम के समीप स्थित वन विभाग का गोदावल रेंज अपनी लापरवाहियों से बाज नहीं आ रहा है। वन की सीमाओं पर न तो बाड़ लगाई गई और न कोई अन्य उपाय किये गए हैं। जिससे आए दिन वन्य जीव गांव के अंदर घुस रहे हैं। इस संबंध में कई बार ग्रामीणों ने वन विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो सकी है। वन्य जीवों के हमले से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। हाल ही में उफरी निवासी नानचुनी कोल पिता रेचवा उम्र 51 वर्ष ने गोदावल वन परिक्षेत्राधिकारी से शिकायत कर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है।



### बैल का हुआ शिकार

नानचुनी ने लेख किया है कि गांव के एक किसान के बैल का किसी वन्य जीव ने शिकार कर कर उसे मार डाला है। इससे किसान की बड़ी क्षति हुई है, उसे मुआवजा प्रदान किया जाए। कुछ अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यह कोई एक मामला नहीं है आए दिन इसी तरह वन्यजीव गांव की सीमा में प्रवेश करते हैं और यहां के पालतू जानवरों का शिकार करते हैं। अब तक कई गाय बैल इनके शिकार बन चुके हैं। जानवर मर जाते हैं लेकिन वन विभाग का अमला न तो किसानों से भेंट करते हैं और न मृत जानवरों का मुआवजा देते हैं। किसी भी दिन किसी आदमी का भी शिकार हो सकता है। किसानों में धीरे धीरे आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है।

### विभाग की लापरवाही

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग ने अभी तक जंगल की सीमा पर घेरे बंदी या बाड़ नहीं लगवाया है। इसलिए वन्य जीव जंगल से निकल कर गांव की ओर आ जाते हैं। यही नहीं जंगल में विभाग ने पानी का इंतजाम भी नहीं किया है। इसलिए गर्मी के इस मौसम में जानवर प्यास बुझाने के लिए गांव की ओर आते हैं और यहां पालतू पशुओं का शिकार करते हैं। यह स्थिति उफरी के आसपास के कुछ अन्य गांवों की भी है। जनहित में यह जरूरी है कि वन विभाग पहले जंगल की सीमा की सुरक्षा बढ़ाए और गर्मी की इस तपती धूप में वन्यजीवों के लिए पानी की व्यवस्था करें। ताकि वन्यजीव गांवों की ओर रुख न कर सकें।

### संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 5 मई तक

**शहडोल।** संभाग में शतरंज के प्रचार एवं बच्चो के बौद्धिक विकास के साथ-साथ वरिष्ठ जनो के मार्गदर्शन में शतरंज के प्रसार एवं विकास हेतु 01 मई से 05 मई तक होटल महाराजा पैलेस में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता होने जा रही है। इसी कड़ी में जिला शतरंज संघ विशेष एवं निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने जा रहा है। विशेष प्रशिक्षण शिविर ज्ञानोदय इंग्लिश मीडियम स्कूल पटेल नगर में 27 अप्रैल, 28 अप्रैल एवं 29 अप्रैल को प्रतिदिन अपराह्न 04 बजे से 06 बजे तक अंतराष्ट्रीय वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों द्वारा प्रदान किया जाएगा। सभी इच्छुक प्रतिभागियों को समय पर अपने चेस बोर्ड सेट, एक कापी और पेन के साथ पहुंचने के लिए सूचित किया जा रहा है। किसी भी तरह की अन्य जानकारी के लिए अंतर राष्ट्रीय वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एवं कुशल प्रशिक्षक अमरजीत सिंह बग्गा से मो. 9131732737 पर संपर्क किया जा सकता है।

सांई हॉस्पिटल
श्रीवास्तव तिराहा, ओ.पी.एम. अनूपपुर रोड अमलाई, जिला - शहडोल (म.प्र.)
द्वारा आयोजित
जनरल सर्जरी एवं स्त्री रोगो एवं सभी प्रकार के रोगो का ईलाज का निःशुल्क जाँच- परीक्षण
रविवार, 5 मई 2024। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक
हमारें यहां सभी प्रकार के बीमारियों का उपचार / परामर्श का लाभ लें :
डॉ. अम्बुज सोनी - एम.बी.बी.एस., एम. एस. सर्जन, मेडिकल कॉलेज, शहडोल
डॉ. ब्रिगेन्द सिंह - एम.बी.बी.एस., डी. जी. ओ., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. विपिन पटेल - एम.बी.बी.एस., सी.एम.ओ., मेडिकल कॉलेज, शहडोल
शुगर एवं बीपी की जांचें फ्री
डॉ. जितेन्द्र पटेल - एम.बी.बी.एस.
डॉ. राजकुमार जायसवाल - बी.ए.एम.एस. संचालक
शिविर स्थान RDV LEVEL UP SCHOOL, जैतहरी रोड, फुनगा अनुपपुर
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे - 9179120008, 7724818172

### मानपुर के छात्र-छात्राओं ने मैरिट सूची में नाम किया दर्ज



**मानपुर।** तहसील अंतर्गत नव ज्योति एकेडमी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जिले की मेरिट सूची में अपना प्रथम स्थान दर्ज कर जिले का व अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है, कक्षा 12 वीं में दीपांजुल मिश्रा गणित समूह में 475 अंक पाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वहीं द्वितीय स्थान भी नवज्योति अकादमी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र रोहित जायसवाल गणित समूह 469 अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं रुद्र प्रताप सिंह गणित समूह से ही 463 अंक पाकर जिले की मेरिट में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दसवीं में भी नवज्योति अकादमी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का जिले में प्रथम स्थान लगा है, विद्यालय के छात्र आदित्य प्रताप सिंह 483 अंक पाकर जिले के मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया, विद्यालय के व्यवस्थापक अशोक कुमार गौतम एवं प्राचार्य महेंद्र कुमार एवं समस्त विद्यालय परिवार की तरफ से मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले सभी छात्रों को एवं विद्यालय के सभी छात्रों को ढेर सारी बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई है।

मो. 9179120008, 6268591037
पैथालॉजी मेडिकल
24x7 Emergency Services
सांई हॉस्पिटल
नार्मल-सिजेरियन डिलेवरी, जनरल सर्जरी, आर्थराइटिस, प्रसूति एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ सहित विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा समस्त प्रकार के रोगों का उपचार एवं परामर्श
श्रीवास्तव मोड़, अमलाई रोड बकहो, जिला-शहडोल

**खबर संक्षेप**

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 19 नए गाइडों की हुई भर्ती



**मानपुर।** बांधवगढ़ गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष ने आईडी कार्ड प्रदान कर सभी नए गाइडों का स्वागत किया। अपने बाघों को लेकर पूरी दुनिया भर में मशहूर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में नए गाइडों की आमद हुई है। इस अवसर पर गाइड एसोसिएशन द्वारा उनका स्वागत किया गया एवं बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व गाइड यूनियन के अध्यक्ष राजेश द्विवेदी ने नव नियुक्त 19 गाइडों को आज उनके परिचय पत्र का वितरण कर उन्हें कर्तव्य पथ पर सफलता हेतु शुभकामनाएं दी तथा वन और वन्य जीवों के प्रति जागरूक रहने की नसीहत देते हुए संपूर्ण निष्ठा से अपने दायित्व का निर्वहन करने और उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। इस दौरान मकरध्वज यादव, पीतांबर यादव, मिथलेश साहू, कुंवर सिंह, सोमेंलाल सिंह, अंजनी कुमार कुशवाहा, तेजभान तिवारी समेत अन्य नवनियुक्त गाइड उपस्थित रहे।

## प्रतिबन्ध के बाद भी बोर कर रही मशीन को किया जप्त

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा जिले में नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। उसके बावजूद ग्राम कोटरी के खेरवा हार में रात्रि में बोरिंग उत्खनन का कार्य किया जा रहा था सूचना प्राप्त होते ही राजस्व विभाग की टीम एवं मुकेश मसकोले पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा तत्काल घेराबंदी कर विजय पिता नत्थू पटेल कोटरी के खेत खेरवा हार में बोरिंग कर रहे मशीन को पकड़ कर कार्यवाही करते हुए बोरिंग का कार्य बंद कराया गया एवं बोरिंग मशीन संयुक्त दल द्वारा जप्त किया जाकर इंदवार थाने में लॉकर सुरक्षित खड़ा करवाया गया है नियम अनुसार कार्यवाही की जा रही है ।

## आधार कैम्प के पूर्व में हितग्राहियों के आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करायें : कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं में आधार महत्वपूर्ण घटक है। आधार के नवीन पंजीयन तथा आधार मे नवीनतम जानकारी अद्यतन किये जाने हेतु ग्राम -पंचायत स्तर पर आधार कैम्प आयोजित किए जाएगे । उन्होने मैदानी अमले सीएचओ, पटवारी, ग्राम सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आशा, एएनएम, आंगनबाडी कार्यकर्ता, शिक्षक से कहा है कि अपने क्षेत्र के ऐसे हितग्राही जिनका आधार सुधार का कार्य किया जाना है, जिसमें जरूरी दस्तावेज तैयार कर आधार पंजीयन, अपडेट करवाने एवं व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देश जारी करना सुनिश्चित करें।

### मच्छरों की भरमार, फागिंग नहीं हो रही, प्रदूषण बढ़ रहा

# बस्तियों में कूड़े करकट का लगा अम्बार, गंदगी से परेशानी

**शहडोल।** संभाग मुख्यालय की बस्तियों में सफाई व्यवस्था लचर हो जाने से गंदगी बढ़ती जा रही है। जगह जगह कचरे का ढेर लगा हुआ है, नालियों में मलबा बजबजा रहा है। मच्छरों की भरमार है, फागिंग बंद पड़ी है। सड़कों पर फूटी पाइप लाइनो से पेयजल बहता रहता है। नगरपालिका असहाय सी हो चुकी है। नगरपालिका की पूरी व्यवस्था 40 दैनिक वेतन कर्मचारियों पर टिकी हुई है। इनमें से कई तो बंगलों में ड्यूटी कर रहे हैं और कई दिखाई नहीं पड़ते। यही नहीं 1 अप्रैल 2023 से कचरा संग्रह का ठेका भी समाप्त हो चुका है। बीते एक वर्ष से कचरा संग्रह का कार्य भी नगरपालिका द्वारा ही कराया जा रहा है।





### लचर हो गई सफाई व्यवस्था

नगर की अंदरुनी बस्तियों में न तो झाड़ू लगाई जा रही है और न कचरा उठाया जा रहा है। यहां की नालियां महीनो से जाम हैं, जिनसे दुर्गंध उठने लगी है और मच्छर पनपने लगे हैं। घरों के सामने लोगों का बैठ पाना कठिन होता जा रहा है। नगर पालिका की फागिंग मशीन बंद पड़ी है जबकि उसका खर्च आहरित किया जा रहा है। संध्या काल मशीन से धुंआ छोड़ने से काफी समय तक मच्छरों से राहत मिल जाती है। जो कि एक लम्बे अर्से से बंद है। बीमारियों की आशंका बढने लगी है। कई जगह नालियों का गलत निर्माण हो जाने से वहां पानी के बहाव की समस्या उठ खड़ी हुई है। हैरानी की बात यह है कि स्वच्छता प्रभारी न तो भ्रमण करते और न सफाई कर्मियों को वार्ड में भेजते हैं। सफाई व्यवस्था की मैपिंग करने वाले केवल अफसरों के बंगलों के आसपास हो रही सफाई की मोबाइल में फोटो खींच कर भेज रहे हैं।

### प्रतिबंध के बावजूद पन्नियों की भरमार

एक अर्से से शासन ने पॉलीथिन की अमानक पन्नियों पर प्रतिबंध लगा रखा है। नगरपालिका मुनादी भी कराती है। लेकिन मॉनीटरिंग के बिना इस पर कहीं प्रतिबंध दिखाई नहीं देता। दूकानों में पन्नियों में सामान भर कर दिया जा रहा है। यही कारण है कि बस्तियों में जूठन भरी अमानक पन्नियां जहां तहां बिखरी कचरा बढ़ा रहीं हैं। सीएमओ के बंगले के सामने ही रोज पन्नियां पड़ी दिखाई देती हैं, जिन्हे सफाई कर्मी बटोर कर फेंकते रहते हैं। बस्तियों की नालियों में भी पन्नियों की भरमार है जिससे नालियां जाम हो रहीं हैं।

### कचरा संग्रह भी नपा के जिम्मे

घर-घर कचरा संग्रह के लिए जो व्यवस्था चल रही थी, उसका ठेका 1 अप्रैल को समाप्त हो गया है। अब नगरपालिका अपनी व्यवस्था के तहत कचरा संग्रह करा रही है। ज्ञातव्य है कि नगर के सभी 39 वार्डों के लिए लगभग 40 वाहन आवश्यक हैं। लेकिन यहां अभी मात्र 20 वाहनों से ही काम चलाया जा रहा है। इसी से ज्ञात होता है कि घर घर कचरा संग्रह व्यवस्था केवल 50 फीसदी घरों तक ही सीमित है। शेष जगह कचरा संग्रह भी नहीं हो पा रहा है। जबकि नगरपालिका शत प्रतिशत घरों का पैसा वसूल रही है। 30 रुपए माह के हिसाब 22 हजार घरों का 72 लाख रुपए सालाना की वसूली की जा रही है। लेकिन सुविधा केवल 50 फीसदी घरों को ही मिल पा रही है।

## 16 निजी विद्यालयों को डीईओ ने थमाया नोटिस

**शहडोल।** कलेक्टर तरूण भटनागर के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मरपाची ने अशासकीय ज्ञानोदय इंग्लिश मीडियम स्कूल शहडोल, अशासकीय शांति मेमोरियल स्कूल शहडोल, अशासकीय भारतीयम पब्लिक स्कूल ब्यौहारी, अशासकीय क्रिस्ता ज्योति उ.मा.वि. ब्यौहारी (सीबीएसई), अशासकीय भारतमाता उ.मा.वि. शहडोल, अशासकीय गुड शेफर्ड कॉन्वेंट स्कूल शहडोल (सीबीएसई), अशासकीय ज्ञान निकेतन स्कूल बुढ़ार, अशासकीय विद्यासागर सीनियर सेकेन्डरी स्कूल बुढ़ार। अशासकीय एमजीएम स्कूल गोपालपुर बुढ़ार, अशासकीय एमजीएम-स्कूल धनपुरी (सीबीएसई), अशासकीय ग्रीन बेल्स पब्लिक स्कूल बुढ़ार, अशासकीय स्प्रिंग बैली स्कूल धनपुरी, अशासकीय मिलेनियम ड्रीम इंटरनेशनल स्कूल ब्यौहारी, अशासकीय सतगुरू पब्लिक स्कूल शहडोल, अशासकीय विवेक पब्लिक स्कूल शहडोल, अशासकीय सत्यसाँई इंग्लिश मीडियम स्कूल शहडोल के संचालको को कारण बताओ नोटिस जारी किया है तथा 07 दिवस के अंदर अपना प्रति उत्तर प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है। जारी कारण बताओं नोटिस में कहा गया है कि निजी स्कूलों द्वारा पाठ्य पुस्तकों, यूनिफार्म एवं शैक्षणिक सामग्री के क्रय हेतु पालकों पर अनुचित दबाव बनाए जाने के संबंध में उक्त आशय की शिकायत प्राप्त होने की स्थिति में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में कलेक्टर द्वारा निजी विद्यालयों के निरीक्षण हेतु विकासखण्ड स्तरीय समिति का गठन किया गया। विकासखण्ड स्तरीय समिति द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण कर निरीक्षण प्रतिवेदन कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत निरीक्षण प्रतिवेदन का जिला समिति द्वारा परीक्षण किया गया। विकासखण्ड स्तरीय समिति द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर विद्यालयों में म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के वर्ष 2015 में जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों एवं मण्प्रण निजी विद्यालय अधिनियम 2020 में वर्णित नियमों, निर्देशो, उपबंधों का पालन नहीं किया गया है एवं कमियां पाई गई है।

## गणित का महाकुंभ : जिले के नन्हे विद्यार्थी इंदौर में 8 मिनट में हल करेंगे 200 सवाल




**उमरिया।** नगर के विद्यार्थी गणित के महाकुंभ में भाग लेंगे यह 8 मिनट में 200 गणित के सवालों को हल करेंगे, संस्था यूसीमास मानसिक अंकगणित प्रणाली की सार्वभौमिक अवधारणा की 19वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 27 अप्रैल को इंदौर में आयोजित होगी, इसमें 5 से 13 वर्ष की आयु वाले उमरिया जिले से 11 विद्यार्थी जो प्रतियोगिता में भाग लेंगे संस्था के प्रबंधक वसीम अकरम ने बताया कि प्रतियोगी छात्रों को 08 मिनट में 200 गणित के जटिलतम सवालों को हल करने की चुनौती रहेगी। कोर्स प्रशिक्षण ने बताया कि यूसीमास संस्था की प्रतिवर्ष होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के करीब 6000 प्रतिभागी शामिल होंगे । प्रतियोगिता के एक दिन बाद चौंपियन व पांच रनर अप विद्यार्थियों को इंदौर में सम्मानित किया जाएगा।

# कलेक्टर ने बीएलओ, वरिष्ठ, युवा, महिला मतदाताओ का किया सम्मान

### ग्राम कुशमहाकला में ग्राम देवता की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुआ मतदाता आभार महोत्सव कार्यक्रम

**उमरिया।** कुशमहाकला मतदान केंद्र के मतदाताओं ने शत-प्रतिशत मतदान कर जिले का गौरव बढ़ाया है । शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन के लिए संपन्न हुए मतदान में कुशमहाकला ग्राम के मतदाताओ ने शत-प्रतिशत मतदान करके इतिहास रच दिया है। इसके साथ ही मानपुर विधानसभा क्षेत्र के 5 ग्रामो में शत-प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ है, जिससे संपूर्ण उमरिया जिला गौरान्वित हुआ है। सभी मतदाताओ ने जिला प्रशासन की अपील पर लोकतंत्र के प्रति जो आस्था व्यक्त की है तथा अपनी जागरूकता का परिचय दिया है, जिला प्रशासन ने शासन की योजनाओ का लाभ इस गांव में शत प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को देकर लाभान्वित करेगा । उक्त आशय के विचार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने ग्राम कुशमहाकला में आयोजित मतदाता आभार महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन कि उपस्थिति में पंडा बाबा भद्दू सिंह एवं शंभू सिंह ग्राम देवता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई। कार्यक्रम में बीएलओ, युवा, महिला, पुरूष तथा ग्राम के ऐसे मतदाता जो ग्राम के बाहर रोजी-रोटी के लिए गये हुए थे तथा मतदान दिवस के दिन ग्राम में आकर मतदान किए, उनका भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कायक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन सहित अन्य अतिथियों का आदिवासी परंपरा के अनुसार खोम्हरी पहनाकर तथा सम्मानित किया गया।



एसडीएम पाली टी. आर. नाग ने कहा कि 19 अप्रैल को संपन्न हुए लोकतंत्र के त्योहार में कुशमहाकला के 440 मतदाताओं ने शत प्रतिशत मतदान करके जागरूक होने का परिचय दिया है। उन्होने गांव के वरिष्ठ, युवा, महिला तथा विशेषकर वे मतदाता जो रोजी रोटी की तलाश में प्रदेश के बाहर गये हुए थे, का भी व्यक्त किया। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन के आग्रह पर कुशमहाकला के मतदाताओ ने मतदान मे शत प्रतिशत सहभागिता दर्ज कराते हुए जिले को गौरान्वित किया है। उनकी जागरूकता की ख्याति प्रदेश ही नही पूरे देश में विस्तारित हुई है।

रोजी रोटी के लिए ग्राम से बाहर हैदराबाद गये जयपाल सिंह ने मतदान दिवस के दिन ग्राम में पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि ग्राम के बीएलओ द्वारा उन्हें फोन करके ग्राम में शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प को पूरा करने की जानकारी दी। जिस पर मेरे द्वारा हैदराबाद से ग्राम कुशमहाकला पहुंचकर शत-प्रतिशत मतदान के इस लक्ष्य में भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मतदान किया गया। आज मुझे बेहद प्रसन्नता है कि हमारे ग्राम के मतदाताओ ने मतदान के महत्व को समझते हुए लोकतंत्र के इस पर्व को मनाया और शत-प्रतिशत मतदान किया। इसी तरह स्थानीय मतदाता कुंवर सिंह ने जो कि जमुना कालरी में नौकरी करते है, ने भी अवकाश लेकर मतदान दिवस के दिन मतदान करने ग्राम कुशमहाकला पहुंचे और शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्यं को प्राप्त करने में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया।



इस अवसर पर एसडीएम पाली टी. आर. नाग, डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर, अम्बिकेश प्रताप सिंह, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मन मोहन सिंह कुशराम, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दिनेश मर्सकोले, उप संचालक पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग राजीव गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. मेहरा, सहायक आयुक्त अखिलेश पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र सिंह गौर, जिला समन्वयक ग्रामीण आजीविका मिशन चंद्रभान सिंह, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप आशीष श्रीवास्तव, मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, संजय पांडे, श्री चनपुरिया, इब्राहिम, बीएलओ धर्मेंद्र तिवारी, सरपंच उजरिया बैगा, पंचायत सचिव, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाडी कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बीएमओ डॉ. जैन, डॉ. खान एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने ग्रामीण जनों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयां वितरित की।

## 10वीं में 55.39 और 12वीं में 58.03 प्रतिशत रहा जिले का परिणाम

### इस बार प्रदेश की सूची से बाहर हुआ शहडोल, जिले की मेरिट में प्राइवेट स्कूलों की बल्ले-बल्ले









**शहडोल।** कक्षा 10वीं और 12वीं का परिणाम बुधवार को घोषित हुआ। इस बार शहडोल जिला प्रदेश की मेरिट लिस्ट से बाहर हो गया है। जिले की मैरिट में प्राइवेट स्कूलों के बच्चों ने सबसे ज्यादा बाजी मारी। जिला मुख्यालय के अजाक कन्या स्कूल घरौला, उत्कृष्ट रघुराज व रघुराज स्कूल क्रमांक एक के साथ-साथ शासकीय स्कूल अमलाई ने जिले की मैरिट में अपना नाम दर्ज करा लिया है। इस बार कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 55.39 प्रतिशत रहा है जबकि पिछले साल 68.92 प्रतिशत था इस तरह से दसवीं का रिजल्ट नीचे आया है। जबकि कक्षा 12वीं में इस साल 58.03 प्रतिशत रिजल्ट रहा जो पिछले साल की तुलना में छह प्रतिशत से ज्यादा है। पिछले साल 12वीं का रिजल्ट 52.89 प्रतिशत था।

दसवीं की जिले की मैरिट सूची में इनके नाम

बोर्ड परीक्षा की 10वीं कक्षा की जिले की मैरिट सूची में आयुष केवट पिता सूरज बली केवट सरस्वती स्कूल बुढार, रिषभ पांडेय पिता राजेश कुमार पांडेय भारतीयम स्कूल ब्यौहारी तथा शिवांशी पांडेय पुत्री नरेंद्र पांडेय सतगुरू पब्लिक स्कूल शहडोल का नाम है।

## पक्षी मित्र अभियान : प्यासे पक्षियों और बेजुबान जानवरों का सहारा बन रही युवा टीम

**उमरिया।** सूरज की तपिश से बेहाल पक्षियों और बेजुबान जानवरों के लिए जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के सदस्य सहारा बन रहे हैं। इनके लिए पीने के पानी के साथ ही भोजन की व्यवस्था करने का भी बीड़ा युवा टीम ने उठाया है। युवा टीम उमरिया से जुड़े सदस्य जगह-जगह पर पक्षियों के लिए सकोरे व पशुओं के लिए नाद रखवा रहे हैं। वही पक्षी प्रेमी लोगों को निःशुल्क सकोरा बांटकर अपने-अपने छत में पानी भर कर रखना प्रेरित कर रहे हैं। गर्मी के आगाज के साथ सी पक्षियों व जानवरों की सेवा में लग जाते हैं और बारिश शुरू होने तक इनका यह कार्य निरंतर जारी रहता है। भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है ऐसी गर्मी में हर कोई प्यास से जब परेशान होता है तो उसे ठंडे पानी की जरूरत होती है पानी के लिए तो कहीं ना कहीं भारी मशक्कत करना पड़ जाती है। ऐसे में पशु पक्षियों के लिए भी पानी बहुत जरूरी हो जाता है उनकी जान बचाने के लिए भी पानी का इंतजाम आवश्यक है। इसी सोच को ध्यान में रखते हुए समाज से भी संस्था



युवा टीम के द्वारा पक्षी मित्र अभियान के तहत अब तक 1500 सकोरे बांध व बांट कर लोगों को प्रेरित कर रहे है।वहीं कुछ लोग पूरे वर्ष तक पक्षियों के लिए अपनी वैन की व्यवस्था करते हैं, उल्लेखनीय है कि गर्मी के इन दिनों में बेजुबान जानवरों व पक्षियों के लिए ना तो सर छुपाने की कहीं जगह रहती है और ना ही समुचित पेयजल व भोजन की व्यवस्था होती ह, ऐसे में इनमें से कई जानवर भूख व प्यास के चलते दम तोड़ देते हैं, इन बेजुबानों को इस तरफ से बचाने समाज सेवी आगे आ रहे हैं और दूसरों को भी उनके लिए प्रेरित कर रहे हैं।। पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि इसी क्रम में पुलिस पाली थाना प्रभारी मदन लाल मरावी के निवास आंगन में वृक्षों पर सकोरे बांध पक्षियों के लिए जल रख अन्य लोगों को भी अभियान में जुड़ने की की अपील। इस दौरान पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, स्वाति सेन, राहुल सिंह, कशिश सेन, श्रीराम तिवारी, करिश्मा सेन, अंकित गौतम, संदीप सिंह व सभी उपस्थित रहे।

## कल्याण सेवा आश्रम के छात्रों ने किया कमाल, शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**अमरकंटक।** आदिवासी अंचल में कल्याण सेवा आश्रम के द्वारा गरीब असहाय बच्चों को शिक्षा प्रदान कराई जाती है जहां एक साथ लगभग 50 बच्चों को मुफ्त में शिक्षा भजन रहने की व्यवस्था आश्रम के द्वारा संचालित किया जाता है जहां वर्तमान शिक्षा के अलावा धार्मिक आध्यात्मिक एवं पौराणिक शिक्षा का भी दिलाई जाती है। इन्हीं छात्रों का हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी कक्षा का परिणाम मध्य प्रदेश शासन के द्वारा घोषित किया गया जिसमें कल्याण सेवा आश्रम के छात्रों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कल्याण सेवा आश्रम में अध्ययनरत विद्यार्थी हरिओम गीते ने कक्षा 12वीं में गणित संकाय में 86.6% अंक प्राप्त कर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक में प्रथम स्थान प्राप्त किया जो बहुत ही गरीब घर से है



और कम संसाधनों के बावजूद काफी मेहनत कर इस मुकाम पर पहुंचा है यह बड़े ही गर्व का विषय है। अन्य विद्यार्थियों में मनोज बिलगर 80.8%, महेंद्र चंद्रवंशी 80.02%, जागेश्वर गौतम 76.8 प्रतिशत, शनि बिलगर 74.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं कल्याण सेवा आश्रम का नाम रोशन किया एवं हाई स्कूल के छात्रों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर अपना माता-पिता का विद्यालय का एवं अपनी संस्था का नाम रोशन किया। कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंध न्यासी स्वामी हिमाद्री मुनि महाराज जी ने बताया कि परम पूज्य बाबा कल्याण दास जी के आर्शीवाद से ही हम गरीब आदिवासी अंचल के छात्रों को आश्रम में रखते हैं एवं आश्रम की व्यवस्था अनुसार उनको रोकने की खान की फीस की पुस्तक कॉपी ड्रेस की व्यवस्था करते और प्रत्येक वर्ष छात्र अपनी मेहनत लगन से संस्थान का नाम ऊंचा करते हैं एवं विद्यालय का नाम ऊंचा करते हैं और भविष्य में अच्छी ऊंचाइयों पर पहुंचे उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। विद्यालय की प्राचार्या सुश्री अनुजा मिश्रा ने बताया कि हरि ओम पढ़ाई पूरे लगन के साथ करता था एवं बहुत ही मेहनती बालक है हम विद्यालय परिवार उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**उमरिया।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं एम. एस. तोमर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के मार्गदर्शन में तथा जितेन्द्र कुमार बाजोलिया जिला न्यायधीश-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला जेल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सचिव श्री बजौलिया एवं अमित शर्मा जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा प्लेबार्गनिंग और निःशुल्क विधिक सहायता के विषय पर जानकारी दी गई। शिविर में डी. एस. सारस जेल अधीक्षक एवं माखन सिंह मार्को उप जेल अधीक्षक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**शपथ–पत्र**

मैं भूपत पिता राम शरण महरा, निवासी धनपुरी वार्ड क्रमांक 01, हाथीडोल, थाना व तहसील बुढ़ार, जिला–शहडोल म.प्र. का हूं। आधार नंबर 6386 2718 5311

मैं शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूं–

1. यहकि मेरे सर्विस रिकार्ड, पेन कार्ड **AIMPB3976C** में मेरा नाम भूपत्त दर्ज है, एवं मेरे आधार कार्ड में भी भूपत दर्ज है जो कि सही है।

2 यहकि मैने अपने उक्त आधार नंबर 6386 2718 5311 में अपना नाम भूपत दास महरा सुधार कराकर दूसरा आधार अपडेट करा लिया था, चूंकि अब मैं पुनः अपना आधार कार्ड पूर्व नाम भूपत के नाम से अपटेड कराना चाहता हूं क्योंकि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम भूपत दर्ज है जो कि पूर्व आधार कर्ड के अनुसार दर्ज है ।

3. यहकि मैं अपने वर्तमान आधार कार्ड में दर्ज नाम भूपत दास महरा के स्थान पर भूपत दर्ज कराना चाहता हूं जिसकी लिमिट समाप्त हो चुकी है, साइट बंद है, जिसे मैं सुधार - कराकर, पूर्व नाम भूपत दर्ज कराना चाहता हूं जिससे मुझे आर्थिक क्षति न हो सके और मैं सेवानिवृत्ति उपरांत मुझे परेशानियों का सामना न करना पड़े, कृपया मेरी साइट चालू कर दी जाये।

भूपत
हस्ताक्षर

**ओरियण्ट पेपर मिल्स, अमलाई के स्वामित्व एवं कब्जे की निम्न भूमियों का विक्रय किया जाना है।**

ग्राम झगरहा स्थित भूमि खसरा नंबर 1313, 1315, 1320, 1321, 1322, 1323, 1324, 1325, 1326, 1331, 1383, 1384, 1385, 1388, 1389, 1393, 1397,1401, 1404 (कुल रकबा लगभग 100 एकड़) का विक्रय किया जाना है। यह भूमि बुढ़ार चचाई मार्ग पर ग्राम झगरहा में अमराडंडी रेल्वे क्रासिंग के पास से इंदिरा नगर क्रासिंग के बीच मुख्य मार्ग पर स्थित है।

इच्छुक व्यक्ति अपने प्रस्ताव दस दिनों के अंदर सहायक उपाध्यक्ष (वित्त एवं लेखा), ओरियण्ट पेपर मिल्स, अमलाई, जिला शहडोल (म.प्र.) 484117 के कार्यालय पर भेजें अथवा dilip.inani@opil.in पर मेल करें। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल क्रमांक 7987137209 पर संपर्क करें। कृपया अपने प्रस्ताव में उपरोक्त भूमियों के लिए प्रति एकड़ की दर से राशि दर्शाएं।

**ओरियण्ट पेपर मिल्स**
**अमलाई, जिला शहडोल (म.प्र.)**

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट परिणाम देकर बच्चों ने किया क्षेत्र को गौरवान्वित





**अमलाई।** हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम घोषित होते ही बच्चों, अविभावकों और स्कूलों में खुशी की लहर उठ गई क्षेत्र के बच्चों ने उत्कृष्ट परिणाम देकर स्कूल और माता पिता को गौरवान्वित किया है। ओपीएम शिक्षण केंद्र में अध्ययनरत कक्षा दसवीं के छात्र आशुतोष तिवारी ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में 85% अंक अर्जित कर विद्यालय एवं परिवार जनों का नाम गौरवान्वित किया है। नगर परिषद बकहो इंद्रानगर निवासी आशुतोष विजय तिवारी के पुत्र एवं संतराम तिवारी के पौत्र है। इसी प्रकार एक दिन पूर्व घोषित कक्षा पांचवी के बच्चों ने भी उत्कृष्ट परिणाम लेकर क्षेत्र को गौरवान्वित किया जिससे माता पिता और बच्चों में उत्साह देखने को मिला। जिले के केशवाही स्थित न्यू मॉडर्न इंग्लिश मीडियम में अध्ययनरत कक्षा पांचवीं के छात्रों में सुप्रिया सिंह 86 प्रतिशत अंक हांसिल किये सुप्रिया महेश सिंह एवं सुषमा सिंह की पुत्री है रोहित मिश्रा ने 84 प्रतिशत अंक हांसिल किया रोहित राजाराम मिश्रा और रानी मिश्रा के पुत्र है तो वही प्रियंका महरा ने 81 प्रतिशत अंक हांसिल किया है प्रियंका नंदनी और सोनू महरा की पुत्री है। इसी प्रकार कक्षा आठवी के बच्चों ने भी उत्कृष्ट परिणाम दिया जिसमें संजना साहू 85 प्रतिशत, निधि शर्मा 84 प्रतिशत, निहारिका राव 81 प्रतिशत एवं मोक्ष मिश्रा ने 81 प्रतिशत अंक हांसिल किया है। बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखकर विद्यालय प्रबंधन और अविभावकों द्वारा उत्साहवर्धन किया गया।

### परी जैन रही जिला मेरिट में द्वितीय पर



**बुढ़ार।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा के घोषित परिणाम में बुढार में संचालित विद्यासागर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा परी जैन ने विज्ञान समूह में जिला मैरिट के अंतर्गत द्वितीय स्थान अर्जित किया। परी जैन प्रारम्भ से ही काफी मेधावी छात्रा रही है एवं इन्होंने कक्षा दसवीं में भी जिला मेरिट में टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया था। उनकी इस उपलब्धि पर समस्त विद्यालय परिवार, एवं संचालक सृजनेश जैन, प्राचार्य सुधेश जैन एवं वरिष्ठ शिक्षक गंगाराम शुक्ला,श्रीमती रचना सराफ, प्रेमलाल मिश्रा एवं उनके अध्यापक अमन गुप्ता, कन्हैया दास, सूरज मेहरा, श्रीमती नेहा तिवारी एवं सुप्रिया श्रीवास्तव तथा समस्त अध्यापक वर्ग ने उन्हें ढेर सारी बधाइयां देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। परी जैन बहुत ही साधारण मान परिवार से संबंध रखती हैं उनके पिता प्रवीण जैन एवं माता वीना जैन है। पिता एक सामान्य से फल विक्रेता है उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें काफी हर्ष हो रहा है एवं उन्होंने बताया कि वे अपनी पुत्री को नेट क्वालीफाई कराकर डॉक्टर बनते देखना चाहते हैं ।

### अनिकेत 60 प्रतिशत अंक अर्जित कर रहे अव्वल





**बुढ़ार।** हायर सेकंडरी परीक्षा वर्ष 2023,24, बारहवीं में सरस्वती केशव पुरम विधालय के कॉमर्स विषय के छात्र अनिकेत नामदेव पिता पत्रकार आशीष नामदेव के पुत्र बोर्ड परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त कर विघालय का नाम रोशन किया है। अनिकेत की इस सफलता पर विघालय एवं उनके परिजनों ने छात्र के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### जिले में बनाए गए 435 मिक्स पोलिंग बूथ

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र-10 के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। मतदान कराने के लिए जिले भर में 2014 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से 435 मिक्स मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

# खस्ताहाल सड़क पर उड़ती धूल बन रहा बीमारियों कारण

*ओरिएंट पेपर मिल्स के अंतर्गत आने वाली सड़कों की खस्ताहाल स्थिति से लोगो की समस्याएं बढ़ने लगी है। समय समय पर सड़को की मरम्मत और निर्माण में प्रबंधन ध्यान नही दे रहा है जिससे क्षेत्र के सड़क की दुर्दशा हो गई है जिससे आगंतुकों के सामने क्षेत्र की सड़कों को लेकर बेहद खराब छवि उभर रही है।*



**अमलाई।**

बता दे कि लगभग दो दशक पूर्व इस सड़क का निर्माण किया गया किंतु उसके बाद प्रबंधन सड़क की खराब स्थिति को देखना तक भूल गई है। ओपीएम के स्टेट बैंक से बम्बू गेट से अमलाई रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग की हालत खस्ताहाल हो चुकी है। जिसके निर्माण को लेकर प्रबंधन की ओर से कोई सुगबुगाहट नही देखी जा रही है। सड़क पर चुना युक्त मालबा स्वास्थ पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। लगभग छः वर्षों पूर्व स्थानीय लोगो के विरोध के बाद स्टेट बैंक से लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क का निर्माण प्रबंधन द्वारा कराया गया था जो आज भी अधूरा है। और अपने पूर्ण निर्माण की बांट जोह रहा है।

बता दे कि इस सड़क से ओपीएम का पूरा रॉ मटेरियल पहुंचता है बड़े बड़े गड्ढे और चुना युक्त डस्ट लोगो के लिए परेशानी बने हुए है। कई बार नगर परिषद बरगवां ने पत्र लिखकर सड़क निर्माण या निर्माण हेतु एनओसी प्रदान करने की मांग की गई किंतु प्रबंधन ने कोई जवाब नही दिया क्षेत्र के सौंदर्यीकरण और जनसुविधाओं की जिम्मेदारी प्रबंधन भूल रही है। सड़क पर उड़ता डस्ट समस्या बना हुआ है जिस पर पानी छिड़काव भी नही कराया जा रहा है।

## आजाद चौक सहित पूरे नगर में गंदगी का ढेर




**धनपुरी ।** आजाद चौक के समीप स्थित इमामबाड़ा के आसपास बने नगर पालिका नालियों की साफ सफाई को लेकर नगरीय निकाय बुरी तरह से लापरवाह है।शिकायतकर्ता पूर्व सदर मुजफ्फर अली व नागरिकों की मानें तो नालियों की साफ सफाई कई माह से अधिक समय से नहीं हो रही है। नगरपालिका में कई बार बोला गया सफाई न होने पर परेशान होकर नपा में शिकायत करने के बाद भी बर्षो से बजबजा रही नाली की साफ सफाई न होने से नाली की दुर्गंध से परेशान वार्ड वासी करें तो करें क्या इसकी शिकायत अब करें कहां, चुनाव के पूर्व वार्डवासियों को बोला गया था कि आप लोग की हर समस्या का समाधान हो जाएगा लेकिन नपा में कोई सुनने वाला नहीं।स्वच्छता अभियान के नाम पर तिगड्डा चौगडा मेंन रोड में साफ सफाई किसी कदर की जाती है लेकिन यहां पर निवास रत लोग का कहना की रोड के किनारे बने नालियों का साफ सफाई न होने के चलते दुकानदार वार्ड वासी गंदगी दुर्गंध से परेशान है इमाम बाड़ा के आसपास की नाली की साफ सफाई की व्यवस्था कितनी खराब है तो अंतिम वार्ड की क्या स्थिति होगी इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है।सैकड़ो की संख्या में नगर पालिका के वार्डों के लिए सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था नगर पालिका के द्वारा बनाई गई है लेकिन नालियों की साफ सफाई को लेकर वार्ड वासी परेशान देखे जाते हैं। पूर्व सीएमओ के द्वारा साफ सफाई निरीक्षक वार्ड वार्ड जाकर देखते और न होने पर शीघ्र करते और सफाई को लेकर कोई बहाने बाजी नहीं देखते दिन हो या रात पूरे प्राथमिकता के साथ करते आज भी पूर्व सीएमओ को नगर वासी याद करते हैं। क्योंकि अब उस तरह की साफ सफाई व्यवस्था देखने को नहीं मिल रही है सब कुछ वही ना जाने साफ सफाई को क्या हो गया अब पूर्व की तरह सफाई देखने को नहीं मिल रहा है।

## अब तक बांधे 1500 सकोरे पक्षियों को मिली राहत

**पक्षी मित्र अभियान- प्यासे पक्षियों और बेजुबान जानवरों का सहारा बन रही युवा टीम**

**बिरसिंहपुर पाली।**



सूरज की तपिश से बेहाल पक्षियों और बेजुबान जानवरों के लिए जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के सदस्य सहारा बन रहे हैं। इनके लिए पीने के पानी के साथ ही भोजन की व्यवस्था करने का भी बीड़ा युवा टीम ने उठाया है। युवा टीम उमरिया से जुड़े सदस्य जगह-जगह पर पक्षियों के लिए सकोरे व पशुओं के लिए नाद रखवा रहे हैं। वही पक्षी प्रेमी लोगों को निशुल्क सकोरा बांटकर अपने-अपने छत में पानी भर कर रखना प्रेरित कर रहे हैं।गर्मी के आगाज के साथ सी पक्षियों व जानवरों की सेवा में लग जाते हैं और बारिश शुरू होने तक इनका यह कार्य निरंतर जारी रहता है। भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है ऐसी गर्मी में हर कोई प्यास से जब परेशान होता है तो उसे ठंडे पानी की जरूरत होती है पानी के लिए तो कहीं ना कहीं भारी मशक्कत करना पड़ जाती है। ऐसे में पशु पक्षियों के लिए भी पानी बहुत जरूरी हो जाता है उनकी जान बचाने के लिए भी पानी का इंतजाम आवश्यक है। इसी सोच को ध्यान में रखते हुए समाज से भी संस्था युवा टीम के द्वारा पक्षी मित्र अभियान के तहत अब तक 1500 सकोरे बांध व बांट कर लोगों को प्रेरित कर रहे है।वहीं कुछ लोग पूरे वर्ष तक पक्षियों के लिए अपनी वैन की व्यवस्था करते हैं उल्लेखनीय है कि गर्मी के इन दिनों में बेजुबान जानवरों व पक्षियों के लिए ना तो सर छुपाने की कहीं जगह रहती है और ना ही समुचित पेयजल व भोजन की व्यवस्था होती है ऐसे में इनमें से कई जानवर भूख व प्यास के चलते दम तोड़ देते हैं इन बेजुबानों को इस तरफ से बचाने समाज सेवी आगे आ रहे हैं और दूसरों को भी उनके लिए प्रेरित कर रहे हैं। पर्यावरण जानकारी देते हुए कहा कि इसी क्रम में पुलिस पाली थाना प्रभारी मदन लाल मारवी के निवास आंगन में वृक्षों पर सकोरे बांध पक्षियों के लिए जल रख अन्य लोगों को भी अभियान में जुड़ने की की अपील। इस दौरान पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, पर्यावरण मित्र , खुशी सेन,स्वाति सेन,राहुल सिंह, कशिश सेन, श्रीराम तिवारी,करिश्मा सेन,अंकित गौतम, संदीप सिंह व सभी उपस्थित रहे।

## वोट डालने पर मिलेगा उपहार, चार लकी नंबरों पर मतदाताओं को मिलेगा पुरस्कार




**रीवा ।** जिले मे इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान करने वालों के लिए चार ऐसे नंबर दिए गए हैं जिस पर इनाम की घोषणा की गई है नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं के लिए इस वर्ष नवाचार किया जा रहा है वह लकी नंबर 18,, 74,, 230 ,,543 है जिस पर जानकारी देते हुए संस्कृत जैन ने बताया कि 18 वी लोकसभा का चुनाव है रीवा विधानसभा का नंबर 74 है मध्य प्रदेश में सीटों की संख्या 230 है और 543 सांसद के लिए पूरे देश में वोटिंग हो रही है इन सभी नंबरों पर जो मतदाता मतदान करेगा उसे रीवा जिले में पुष्कृत किया जाएगा ननि संस्कृति जैन ने बताया है कि यह घोषणा व्यापारियों के साथ मिलकर की गई है जिससे लोगों में मतदान को लेकर अधिक से अधिक रुझान रहे और सत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य पूरा हो सके ।

**मतदान दल मतदान सामग्री के साथ हुए रवाना - शाम तक पहुंचे मतदान केन्द्रों में**

## कलेक्टर ने मतदान सामग्री वितरण का लिया जायजा




**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र में आज 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। जिले में बनाये गये 2014 मतदान केन्द्रों में 18 लाख 52 हजार 126 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। मतदान कराने के लिए सभी मतदान दल इंजीनियरिंग कालेज से निर्धारित बसों से रवाना हुए शाम तक सभी मतदान दल निर्धारित मतदान केन्द्र में पहुंच गये हैं। मतदान दलों को जीपीएस लगे वाहनों से भेजा गया है। इसी से दलों के पहुंचने की इंजीनियरिंग कालेज स्थित कंट्रोल रूम से मानीटरिंग की गयी।

इंजीनियरिंग कालेज परिसर में प्रातः काल से ही उत्सव जैसा वातावरण रहा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने मतदान दलों के लिए व्यवस्थायें सुनिश्चित की। मतदान दल के सदस्यों ने विधानसभावार बनाये गये अलग-अलग काउंटरों से मतदान दलों ने मतदान सामग्री और ईव्हीएम प्राप्त की। मतदान दलों के लिए विधानसभावार अलग-अलग पार्किंग स्थलों पर बसें तथा चार पहिया वाहनों की व्यवस्था की गयी थी जो मतदान कर्मी निजी वाहनों से चुनाव ड्यूटी के लिए पहुंचे माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय में सुरक्षित रखवाये गये। पूरे उत्साह और प्रसन्नता के साथ मतदान दलों ने मतदान केन्द्रों के लिए प्रस्थान किया। पिंक बूथ में तैनात मतदान दल की सभी महिला कर्मचारियों ने भी निर्धारित स्थलों से मतदान सामग्री प्राप्त करके पिंक बूथों के लिए प्रस्थान किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सामग्री वितरण व्यवस्था तथा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम से मतदान दलों के मतदान केन्द्रों में पहुंचने की मॉनीटरिंग का जायजा लिया। इस अवसर पर माइक्रो आब्जर्वर को सामान्य प्रेक्षक संजीव कुमार ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व प्रातः 5 बजे अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्ताओं की उपस्थिति में ईव्हीएम का कंट्रोल रूम खोला गया तथा ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट को विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए काउंटर में पहुंचाया गया जहाँ से मतदान दलों को निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट सहित अन्य निर्वाचन संबंधी सामग्री प्रदान की गई। मतदान दल के कर्मियों ने निर्वाचन सामग्री का चेकलिस्ट के अनुसार मिलान किया तथा अपने दल के साथ निर्धारित रूट के वाहनों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना हुए।

## मतदान दिवस के दिन पालन की जाने वाली आचरण संहिता

**रीवा।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान दिवस 26 अप्रैल के दिन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित मतदान हेतु राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को पालन करने वाली आचार संहिता तय कर दी है। इसके तहत मतदाताओं को इस बात की पूर्ण स्वतंत्रता हो कि वे बिना किसी परेशानी व बाधा के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। निर्वाचन कर्तव्य पर लगे हुए अधिकारियों के साथ सहयोग करें। सभी दल अपने प्राधिकृत कार्यकर्ताओं को उपयुक्त बिल्ले या पहचान पत्र वितरित करें। मतदाताओं के उनके द्वारा दी गई पहचान पर्चियां सादे कागज पर होगी और उन पर कोई प्रतीक चिन्ह, अभ्यर्थी का नाम या दल का नाम नहीं होगा। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि अपेक्षा के अनुरूप राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों के द्वारा मतदान केन्द्रों के निकट लगाये गये कैम्पों के नजदीक अनावश्यक भीड़ एकत्र नही होनी चाहिए। अभ्यर्थियों के कैम्प साधारण हों, उन पर कोई पोस्टर झंडे, प्रतीक या अन्य प्रचार सामग्री प्रदर्शित न की जाये। कैम्पों में खाद्य पदार्थ पेश न किये जाये व भीड़ न लगाई जाए। मतदान के दिन वाहन चलाने पर लगाये जाने वाले निर्बन्धनों का पालन करने में प्राधिकारियों के साथ सहयोग करे। मतदान केन्द्र में मतदाताओं के सिवाय कोई भी व्यक्ति निर्वाचन आयेग द्वारा दिये गये विधिमान्य पास के बिना मतदान केन्द्रों में प्रवेश नहीं करेंगे।

## आकर्षण का केन्द्र हैं आदर्श एवं पिंक मतदान केन्द्र




**रीवा।** मतदाताओं को मतदान केन्द्र में उत्सव जैसे माहौल का अनुभव हो इसलिये जिले में आदर्श मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर बनाये गये पिंक एवं आदर्श मतदान केन्द्र आकर्षण का केन्द्र हैं। इनकी साज-सज्जा की जाकर अन्य सभी मूलभूत सुविधाएँ मुहैया करायी गयी हैं। इन केन्द्रों में मतदाताओं को मतदान करने जाते समय सुकून व खुशी का अनुभव होगा। यहां बैठने के लिये कुर्सी, बेंच की व्यवस्था के अतिरिक्त पीने के पानी तथा छाया आदि की भी समुचित व्यवस्था की गयी है।

## जन अभियान परिषद द्वारा दस्तक अभियान के अंतर्गत पीला चावल एवं आमंत्रण पत्र देकर मतदान हेतु किया गया आमंत्रित



**रीवा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा लोकसभा चुनाव हेतु 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी लेने हेतु सभी मतदाताओं को पीला चावल एवं आमंत्रण पत्र देकर उन्हें आमंत्रित किया गया, ताकि लोकतंत्र के महापर्व को मनाने के उद्देश्य से वो आगे आये और बढ़ चढ़ कर मतदान करे! उक्त दस्तक अभियान कार्यक्रम जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक एवं विकासखंड समन्वयक रीवा अमित अवस्थी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया! इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि, प्रश्नफुट समितियों के सदस्य एवं परामर्शदाताओं ने भी बढ़कर हिस्सा लिया! जिनमें प्रमुख रूप से बृजेश सिंह, राजेंद्र मिश्रा, कोमल अवस्थी, दीपिका मिश्रा, पारुल शर्मा, प्रियंका पाठक, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, चक्रपाणि मिश्रा सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास कार्यक्रम के बी.एस.डब्ल्यू एवं एम. एस. डब्ल्यू के छात्र छात्रा शामिल रहे।

## मतदान दिवस में रहेगी उपचार की समुचित व्यवस्था

**रीवा।** कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने मतदान एवं मतगणना दिवस में उपचार की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान दिवस में जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज तथा सिविल अस्पतालों में मतदान दल के सदस्यों के लिए बेड सुरक्षित रखें। जिससे आपात स्थिति आने पर मतदान दल के सदस्यों तथा सुरक्षा कर्मियों को तत्काल उपचार सहायता मिल सके। प्रत्येक सेक्टर आफीसर को सामान्य रोगों के प्राथमिक उपचार की दवाओं की किट उपलब्ध कराएं। सभी मतदान दलों को भी सामान्य रोगों के प्राथमिक उपचार के लिए आवश्यक दवाओं का किट सामग्री वितरण के समय उपलब्ध कराएं। मतदान दिवस में विकासखण्ड स्तर तथा सेक्टर में उपचार दल तैनात रहेंगे। इनके पास पर्याप्त मात्रा में दवाएं तथा आवश्यक उपकरण अवश्य रहें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रिटर्निंग आफीसरों से समन्वय बनाकर पर्याप्त संख्या में उपचार दल तैनात कराएं।

## उम्मीदवारों को मिलेगा मतदान केन्द्र में प्रवेश

**रीवा ।** मतदान के दिन उम्मीदवारों तथा उनके चुनाव अभिकर्ताओं को मतदान केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी। उन्हें रिटर्निंग आफीसर द्वारा जारी पहचान पत्र के साथ मतदान केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि मतदान केन्द्र में सुरक्षा कर्मचारी प्रवेश नहीं करेंगे। यदि किसी उम्मीदवार को सुरक्षा सैनिक प्राप्त है तो उम्मीदवार को मतदान केन्द्र में प्रवेश मिलेगा किन्तु उसके सुरक्षा कर्मी मतदान केन्द्र के बाहर ही रहेंगे। मतदान की अवधि में चुनाव कार्य के लिए तैनात सभी अधिकारियों को भी मतदान केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी। निर्वाचन आयोग अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी वैध प्रवेश पत्र प्राप्त पत्रकारों को भी मतदान केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### रपटा निर्माण में शिथिलता बरतने पर निविदाकार को जारी हुआ अंतिम नोटिस

**अनूपपुर।** जिला खनिज प्रतिष्ठान मद अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों में नौगवां से सोनियामार्ग पर जोहिला नदी में रपटा निर्माण कार्य के निविदाकार अनिल बिल्डकॉन (इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड) को लम्बे समय से कार्य की पूर्णता नही किए जाने पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री सुगन्ध प्रताप सिंह ने अंतिम नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि जवाब संतोषजनक न होने की स्थिति में फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही हेतु वरिष्ठ कार्यालय को पत्र लेख किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 23 फरवरी को डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में निर्माण कार्यों के निविदाकारों द्वारा कार्यों में शिथिलता बरतने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त की थी। जिसके परिप्रेक्ष्य में आरईएस द्वारा नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गई है।

### भालू के हमले से महुआ बीन रही महिला की मौत



**अनूपपुर।** जिले के कोतमा वन परिक्षेत्र अंतर्गत छिल्पा गांव के पटेराटोला में निवासी रामकली बैगा पति ननकू बैगा उम्र 38 वर्ष जो शुक्रवार की सुबह अपने पति ननकू बैगा पुत्री साधना बैगा एवं नाती पलक पिता अंकित बैगा के साथ गांव तथा घर के पास मुख्य मार्ग के किनारे स्थित को कोरकोटहाई जंगल में महुआ बीनते समय अचानक एक भालू ने रामकली पर हमला कर दिया जिससे रामकली के सिर में गंभीर चोट आई परिजनों एवं ग्रामीण की मदद से पीड़िता को उपचार हेतु 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाया गया जहां परीक्षण के दौरान ड्यूटी डॉक्टर ने जिला अस्पताल पहुंचने के पूर्व महिला की मृत्यु होने की जानकारी जिला अस्पताल पुलिस चौकी को दी। अस्पताल पुलिस मृतिका के शव का उसके परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा की कार्यवाही की।

### अब पूरे सप्ताह किया जाएगा गेहूं उपार्जन का कार्य

**अनूपपुर।** जिले के कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य अब पूरे सप्ताह (सोमवार से रविवार) किया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस. परिहार ने दी है।

### सट्टे के पैसे नहीं दिए तो छीन लिया कार, कोतमा थाना क्षेत्र का मामला

**कोतमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सट्टे में हारे हुए रुपए नहीं देने पर युवक का कार छीन लिया गया। जिसकी शिकायत पीड़ित के पिता के द्वारा कोतमा थाने में दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की गई है। मामले के संबंध में शिकायतकर्ता कैलाश प्रसाद पांडे पिता स्वर्गीय आत्माराम निवासी बदरा के द्वारा कोतमा थाने में शिकायत में उल्लेखित कर बताया गया कि 16 अप्रैल को उनके पुत्र अभिलाष पांडे करीब 1 बजे उनकी चार पहिया वाहन क्रमांक एमपी 65 सी 5321 को लेकर अपने कार्य स्थल एक्स-रे सेंटर इस्लामगंज गया हुआ था जिसके बाद पुत्र तथा कार का कोई पता नहीं चलने पर 24 अप्रैल को बड़े बेटे शैलेंद्र पांडे ने अभिलाष को बिजुरी से ढूंढ कर घर लाया तब परिजनों ने कार के संबंध में पूछताछ की तो उसने बताया कि कोतमा कोर्ट में वकालत का काम कर रहे एक व्यक्ति के द्वारा महादेव ऐप में सदस्य बनाकर धोखे में रखकर उसकी आईडी से सट्टा खेल कर 3 लाख 50 हजार रुपए का कर्ज अभिलाष के ऊपर कर्ज चढ़ा दिया गया। इसके बाद कोतमा न्यायालय परिसर में बुलाकर वहां से लेकर चला गया साथ ही यह बोला कि जब तक पैसा वापस नहीं करोगे तो कार नहीं मिलेगा। जिससे डर कर अभिलाष बिजुरी भाग गया था। जिसे पकड़ कर लाया गया इसके पश्चात कोतमा थाने में मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है।

---

10वीं का परिणाम 70.29 प्रतिशत तो 12वीं का परिणाम 68.25 प्रतिशत रहा

# छात्रों को पीछे छोड़ छात्राओं ने फिर मारी बाजी

**अनूपपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड भोपाल द्वारा जिले में आयोजित कक्षा 10वीं और 12वीं परीक्षा के परिणामों की घोषणा 24 अप्रैल को हुई। जिसमें जिले परिणामों में गत वर्ष की अपेक्षा 2024 में की कक्षा 10वीं के परिणाम में 2.41% की गिरावट आई वही 12वीं के परिणामों में गत वर्ष की अपेक्षा 2024 में 9.03% की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही प्रदेश में हाई स्कूल परिक्षा परिणाम में 5वां स्थान मिला वहीं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में चौथा स्थान रहा। इसके साथ शहडोल संभाग में अनूपपुर जिला लगातार 5 वर्षो से प्रथम स्थान है।



### 10वीं का 70.29 तो 12वीं का 68.25 प्रतिशत रहा परिणाम

दोनों कक्षाओं के परीक्षा परिणामों में एक बार फिर से जिले की छात्राओं ने बाजी मारते हुए छात्रों को पीछे छोड़ दिया है वहीं प्रदेश स्तर की प्रावीण्य सूची में टॉप 10 में हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के परिणाम में किसी भी छात्र अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा सके इससे निराशा हुई है। बोर्ड की घोषित परीक्षा परिणामों में कक्षा 10वीं का परिणाम 70.29 प्रतिशत रहा तो वहीं कक्षा 12वीं का परिणाम भी 68.25 प्रतिशत रहा। वर्ष 2022-2023 में कक्षा 10वीं का परिणाम 72.69 प्रतिशत वहीं कक्षा 12वीं में 66.95 प्रतिशत रहा जो इस वर्ष 10वीं के परिणाम में 2.41% में कम एवं 12वीं में 9.03% अधिक रहा।

### दोनों कक्षाओं के परिणाम में छात्राओं का दबदबा

बोर्ड परीक्षा के परिणामों को देखा जाए तो कक्षा 10वीं के लिए वर्ष 2023-24 की माशिमं की परीक्षा में नियमित छात्रों में 3519 बालक और 4378 बालिका सहित 7897 परीक्षार्थियों के आवेदन दर्ज हुए थे, जिसमें परीक्षा के दौरान 3452 छात्र और 4332 छात्राएं सहित कुल 7784 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुई। इसमें 113 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, वहीं कुल 5468 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिसमें प्रथम 3208, द्वितीय 2233, तृतीय 27, पूरक 879 एवं अनुत्तीर्ण 1432 विद्यार्थी हुए। जिले का उत्तीर्ण प्रतिशत 70.29 रहा। प्रथम श्रेणी में 1219 बालक और 1989 छात्राएं वहीं द्वितीय श्रेणी में 1070 बालक, बालिका 1163 तृतीय में बालक 395, बालिका 484 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।

### यह रहा परिणाम का प्रतिशत

कक्षा 12वीं के लिए वर्ष 2023-24 की माशिमं की परीक्षा में 2545 बालक, बालिका 3632 सहित 6177 परीक्षार्थियों के आवेदन दर्ज हुए थे, जिसमें परीक्षा के दौरान कुल 6145 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें 2530 छात्र एवं 3615 छात्राएं सहित इसमें 658 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 4669 उत्तीर्ण विद्यार्थी हुए वहीं प्रथम 3227, द्वितीय-1436, तृतीय-06 एवं पूरक 812 विद्यार्थी रहे, जिले का उत्तीर्ण प्रतिशत 75.98 रहा। जिसमें 1226 बालक प्रथम श्रेणी में 2001 बालिका, द्वितीय श्रेणी में 687 बालक, बालिका 749 सहित तृतीय श्रेणी में बालक 2 बालिका 4 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।




### जिले की प्रावीण्य सूची में हाईस्कूल में 4, हायर सेकेंडरी में 9 छात्र अव्वल

जिले की प्रावीण्य सूची में कक्षा 10वीं में 4 और 12वीं में 9 छात्र-छात्राओं ने स्थान बनाया। हाई स्कूल में निजी स्कूल राजनगर की जीनत सिद्दीकी 475 अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान बनाया है। शासकीय मॉडल हाई सेकेंडरी स्कूल कोतमा की गायत्री केवट 468 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहीं एवं तीसरे स्थान पर दो छात्रों में धनंजय शुक्ला सरस्वती हाई सेकेंडरी स्कूल कोतमा एवं धीरज पांडे शासकीय हाई सेकेंडरी उत्कृष्ट विद्यालय अनूपपुर दोनों ने 466 अंक लेकर जिले में अपना स्थान बनाया है।

### 12वीं के परिणाम मे इन्होने बनाया स्थान

कक्षा 12वीं में जिले की प्रावीण्य सूची में कला संकाय से धनेश्वर सिंह शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल कोतमा ने 474, शिवानी कुशवाहा एवं दीपाली मिश्रा दोनों शासकीय कन्या हाई स्कूल बदरा 458 अंक लेकर तीनों को प्रथम स्थान मिला। गणित से संकाय रोहणी सिंह राठौर शासकीय हाई सेकेंडरी उत्कृष्ट विद्यालय अनूपपुर 466 अंक एवं सुमित कुमार सोनी सरस्वती हाई सेकेंडरी स्कूल जैतहरी 461, जीव विज्ञान समूह से दीपिका सिंह विवेक शिक्षा निकेतन कोतमा 462, वाणिज्य संकाय में सक्षम अग्रवाल शासकीय हाई सेकेंडरी उत्कृष्ट विद्यालय जैतहरी ने 497, नमी वर्मा बाल शिक्षा निकेतन कोतमा कालरी 453, कृषि संकाय पल्लकवी जयसवाल शासकीय हाई सेकेंडरी उत्कृष्ट विद्यालय लखौरा राजेन्द्रग्राम 436 अंक मिला। इसी तरह अनूपपुर नगर के समाजसेवी संजय मिश्रा की भतीजी प्रेरणा मिश्रा ने मध्यप्रदेश 12वीं बोर्ड परीक्षा में 92% अंक प्राप्त कर परिवार और समाज का नाम रोशन किया वही जैतहरी नगर के प्रतिष्ठित किराना व्यापारी पुनीत शिवहरे की सुपुत्री आरूषि शिवहरे ने 12वीं में 91% अंक अर्जित कर जैतहरी नगर का नाम रोशन किया है।

---

# संविधान की शपथ लेकर एक दूजे के हुए दूल्हा-दुल्हन

### विशेष विवाह अधिनियम के तहत एक जोड़े की शादी रजिस्ट्रार कार्यालय में संपन्न



**अनूपपुर।** धार्मिक रस्मों को नजर अंदाज कर संविधान की शपथ लेकर अनूपपुर में एक जोड़े ने बगैर दहेज के शादी रचाई है, जिसकी चर्चा पूरे जिले में हो रही है। न दहेज का लेनदेन हुआ और न ही बैंड बाजा बाराती दिखे। संविधान का शपथ लेकर आगे की जिंदगी गुजारने वाले शादी के बंधन में बंधे नरेंद्र और काजल का कहना है कि इस तरीके से शादी करने का निर्णय दोनों ने खुद लिया। इन जोड़े के अधिवक्ता नीरज नायक ने कहा की यह शादी देश और समाज में एक संदेश जाएगा कि बिना दहेज और लेन देन के बिना ही तथा बिना बैंड बाजा बारात की साधारण शादी भी किया जा सकता है। अधिवक्ता नीरज नायक ने कहा कि इस विवाह से अनेक खर्च कम किया जा सकता है, लड़की और लड़के दोनो पक्ष के जो बारात और सामाजिक रस्में रिवाज पर लाखो रुपए खर्च करते है उन सभी को नजर अंदाज कर आज इन जोड़े ने समाज और देश को अच्छा मेसेज देने का काम किया है। दरसअल यह अनोखी शादी बीते 25 अप्रैल को अनूपपुर मे रजिस्ट्रार कार्यालय में सम्पन्न हुई। दतिया के बिजनेसमैन नरेंद्र और नर्सिंग कर रही काजल की शादी सम्पन्न हुई। इस शादी में न तो वैदिक मंत्रोच्चारण हुआ और न ही अग्नि का साक्षी मानकर दूल्हा दुल्हन ने सात फेरे लिये। इस शादी में दूल्हा-दुल्हन एक दूसरे को माला पहनाने के बाद संविधान के विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत शपथ लेकर शादी के बंधन में बंध गए, इन जोड़े के अधिवक्ता नीरज नायक ने कहा जिसमे न बैंड बाजा बजा और न ही बारात निकली। इन जोड़े की शादी में दहेज की भी बात नही हुई। बगैर वैदिक मंत्रोच्चारण के, बिना अग्नि के साक्षी माने और फेरे के बगैर रजिस्ट्रार ऑफिसर संविधान की शपथ दिलवाई अनोखी शादी होने के कारण इसकी चर्चा खूब हो रही है।

# मेंटेनेंस के कारण 26 से 30 अप्रैल तक विद्युत आपूर्ति रहेगी अवरूद्ध

**कोतमा।** विद्युत विभाग अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि उप संभाग कोतमा अंतर्गत सब स्टेशन कोतमा में आने वाले 33 केव्ही लाईन में अति आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाना है, जिसके कारण 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कोतमा एवं बिजुरी से निकलने वाली समस्त 33 केव्ही व 11 केव्ही लाईनों का विद्युत प्रवाह अवरूद्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कोतमा, पसान, परासी के अंतर्गत आने वाले शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां तथा 33 केव्ही लाइन अंतर्गत आने वाले समस्त क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। 27 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक 33/11 केव्ही उपकेन्द्र आमाडांड़ व एसईसीएल जमुना कोतमा के सभी एच.टी. उपभोक्ताओं के यहां व आवासीय कालोनी जमुना, भालूमाड़ा, गोविंदा क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां तथा 33/11 केव्ही उपकेन्द्र बिजुरी शहरी, ग्रामीण व एसईसीएल के सभी एच.टी. उपभोक्ताओं के यहां व बिजुरी आवासीय कालोनी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। 28 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक 33/11 केव्ही उपकेन्द्र निगवानी के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां तथा 33/11 केव्ही राजनगर फीडर अंतर्गत आने वाले रेलवे, एसईसीएल के सभी एच.टी. उपभोक्ताओं व राजनगर एसईसीएल आवासीय कालोनी क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। 29 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक आवासीय कालोनी जमुना, भालूमाड़ा, गोविंदा क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां तथा 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कटमटोला के अंतर्गत आने वाले कोतमा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। 30 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक आवासीय कालोनी जमुना, भालूमाड़ा, गोविंदा क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा।

## गलत उपचार से बिगड़ी मरीज की तबीयत



**अनूपपुर।** गलत उपचार से मरीज की तबीयत बिगड़ने की शिकायत खंड चिकित्सा अधिकारी से करते हुए इस पर कार्यवाही की मांग पीड़ित मरीज के पिता के द्वारा की गई है। शिकायतकर्ता सुदामा केवट निवासी बदरा जमुना गेट ने बताया गया कि उसकी नातिन निधि केवट उम्र 3 वर्ष को दस्त की समस्या होने पर उपचार के लिए वह बुधी मंदिर के सामने संचालित डॉ आर पी शुक्ला के निजी चिकित्सालय में गया। जहां उपस्थित चिकित्सक के द्वारा गलत इंजेक्शन लगा दिए जाने की वजह से मासूम की हालत खराब हो गई और गंभीर हालत में उसे परिजनों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में उपचार के लिए दाखिल कराया गया इसके बाद उसकी तबीयत में कुछ सुधार होपाया। इसके बाद मासूम के परिजन में इसकी शिकायत खंड चिकित्सा अधिकारी कोतमा से करते हुए कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में बीएमओ कोतमा आरके वर्मा के द्वारा बताया गया कि शिकायत मिलने के बाद मौके पर जाकर जांच की गई जिसमें पाया गया कि डॉक्टर के चिकित्सालय का पंजीयन नहीं है जिसको लेकर के नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी गई है यदि पंजीयन नहीं कराया गया तो चिकित्सालय को बंद कराया जाएगा।

# स्वीकृत निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समय सीमा में कराएं- कलेक्टर

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने निर्देश दिए है कि जिले में स्वीकृत निर्माण कार्य समय सीमा में गुणवत्तायुक्त कराए जिससे समय पर नागरिकों को निर्माण कार्यों का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के कार्य एवं योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। मनरेगा फंड सहित अन्य योजनाओं की राशि का सदुपयोग करते हुए लोगों की जिन्दगी को आसान बनाने का कार्य किया जाए। सड़कों की गुणवत्ता के लिए निरंतर निगरानी रखी जाए। इसके लिए सजग और सक्रिय रहें। कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में गम्भीरता बरतें, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें। प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना, अमृत सरोवर निर्माण, प्रधानमंत्री जन-मन योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवास, खेत तालाब, लघु तालाब, सुदूर संपर्क सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अमले से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों को लाभान्वित करना हमारी प्राथमिकता है, इसलिए इनके लिए स्वीकृत किए गए आवासों के निर्माण को गम्भीरता से लें। कलेक्टर ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत लक्ष्य के विरूद्ध सृजित मानव दिवस, आधारित भुगतान की समीक्षा, समयबद्ध मजदूरी भुगतान, सौ दिवस के रोजगार प्राप्त करने वाले परिवार सहित अन्य कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में कलेक्टर द्वारा कहा गया कि स्वीकृत हुए कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निगरानी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खेत तालाब योजना के तहत निमार्णाधीन कार्यों को जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा स्कूल एवं आंगनवाड़ी भवन निर्माण की गुणवत्ता, सड़क निर्माण कार्य, स्कूल निर्माण कार्य सहित जिले में चल रहे अन्य निर्माण कार्य की समीक्षा की। कलेक्टर द्वारा कहा गया कि सभी विभागीय लंबित एवं अपूर्ण कार्य समय पर पूर्ण करें।

---

खबर का असर

# निजी विद्यालयों का डीईओ ने किया निरीक्षण

## कलेक्टर ने बैठक में फटकारा तो शिक्षा अधिकारी दिखे कुछ ज्यादा सक्रिय

**अनूपपुर।** जिले भर के निजी स्कूलों की मनमानी से परेशान अभिभावकों पर हरिभूमि द्वारा 25 अप्रैल को खबर के प्रकाशन के बाद आखिरकार जिले का सुस्त पड़े शिक्षा विभाग मे नई जान आई और 25 अप्रैल को ही जिले के कुछ स्कूलों का औचक निरीक्षण किया जहां कमियां मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने की बात कही गई। जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय मे संचालित अशासकीय भारत ज्योति विद्यालय अनूपपुर, बेथल मिशन स्कूल अनूपपुर, महर्षि विद्यालय अनूपपुर तथा सनबीम विद्यालय अनूपपुर का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान शिक्षण व्यवस्था, शुल्क में वृद्धि तथा गणवेश तथा पुस्तक आदि का अवलोकन किया गया। जिसमें कमियां पाई गईं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित विद्यालयों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। संबंधित विद्यालयों को 29 अप्रैल तक अपना स्पष्टीकरण समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।


हरिभूमि
प्राईवेट विद्यालय बने शिक्षा की दुकान, जिम्मेदार बने अंजान

### हरिभूमि की खबर का हुआ तुरंत असर

25 अप्रैल को ''प्राईवेट विद्यालय बने शिक्षा की दुकान, जिम्मेदार बने अंजान'' हेडलाइन से खबर का प्रकाशन होते ही कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेकर 25 अप्रैल को कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए कि सभी अनुभाग अंतर्गत निजी विद्यालयों संचालकों की बैठक बुलाकर शासन द्वारा फीस, ड्रेस, किताब इत्यादि के बारे में जारी दिशा निर्देश से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों के फीस, किताब, ड्रेस इत्यादि के नाम पर शिकायत ना आए। शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन कराएं वही खबर पर तत्काल संज्ञान लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ने भी विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया जहां कमियां मिलने पर नोटिस जारी किया गया है। अब देखना होगा कि कलेक्टर के आदेश का शिक्षा विभाग निजी स्कूलों से कितना पालन करवा पाता है या फिर पहले की तरह इस बार भी कुछ दिनों बाद मामले को ठण्डे बस्ते मे डाल मामला रफा दफा कर दिया जायेगा।



कमियां मिलने पर जारी किया शोकाज नोटिस

## हरिभूमि की खबर का तुरंत दिखा असर

### हर बार होता यह है

आखिरकार अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के आगे अभिभावकों को स्कूल प्रबंधन के सामने घुटने टेकने ही होंगे। बढ़ती फीस व एडमिशन शुल्क के फेर में फंसते पालकों के लिए अपनी लाचारी बयान करने का कोई विकल्प नहीं। ऐसा नहीं है कि जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग कुछ नहीं करता। हर साल नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में उनके द्वारा राज्य शासन व केंद्र के मानव संसाधन विकास मंत्रालय से तय किए गए नार्म्स की दुहाई देकर निजी स्कूल प्रबंधनों को उनका पालन करने दर्जन भर बिंदुओं के निर्देश जारी किए जाते हैं। कागजों में लिखकर चाहरदीवारी के भीतर बैठे स्कूल संचालकों पर दिखाई गई यह सख्ती बाहर आते ही ओझल हो जाती है और मैदानी स्तर पर एक बार फिर पालकों को बच्चों के भविष्य के आगे आर्थिक शोषण को मजबूर होना पड़ जाता है। जिला शिक्षा अधिकारी की निजी स्कूलों की मनमानी पर सक्रियता को देखना होगा कि उनकी सक्रियता कितनी कारगर साबित हुई या फिर वही ढाक के तीन पात वाली कहावत साबित होगी और निजी स्कूलों की मनमानी व भर्रेशाही कायम रहेगा।